भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
20.11.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 641 का उत्तर

हरियाणा में रेल नेटवर्क

641. श्री बृजेन्द्र सिंहः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करकृगे किः

(क) क्या हरियाणा में रेल नेटवर्क 3 रेलवे जोन यानी उत्तर-पश्चिम रेलवे जोन, उत्तर-मध्य रेलवे जोन और उत्तर जोन के अंतर्गत आता है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और हरियाणा को बेहतर प्रबंधन और समन्वय के लिए तीन जोन में से केवल एक के तहत लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): जी, हां
(ख): भारतीय रेल पर ज़ोन और मंडल राज्य अथवा जिले की सीमाओं पर आधारित नहीं होते हैं। ज़ोन/मंडल के क्षेत्राधिकार का निर्णय जोन के तहत आने वाले मंडलों की भूगोलीय समीपता और यातायात की निर्बाध संचलन को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीयता पर विचार किए बगैर परिचालनिक/प्रशासनिक आवश्यकताओं के आधार पर लिया जाता है। यह रेलगाड़ी के परिचालनिक और प्रणाली की दक्षता में सुधार के दृष्टिगत किया जाता है।

वर्तमान व्यवस्था संतोषप्रद रुप से कार्य कर रही है और हरियाणा को एक रेलवे जोन के तहत रखने की कोई योजना नहीं है।

******